# MP BOARD CLASS 10 EM HINDI GENERAL MODEL PAPER SET 3 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 EM हिन्दी (सामान्य) मोडल पेपर सेट 3 2020

समय :3 घण्टा ] [पूर्णांक : 100

निर्देश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1x5-5 अंक निर्धारित हैं। कुल अंक (1x5x5=25) हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 30 से 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 75 से 120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 120 से 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7 +3 = 10) अंक निर्धारित हैं। 'अ' खण्ड के लिए 7 अंक हैं। शब्द-सीमा 200 से 250 शब्द है। खण्ड 'ब' के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए(i) मीराबाई के आराध्य रहे हैं- 1x5=5

(क) राम, (ख) कृष्ण, (ग) शिव, (घ) गणेश।

(ii) कवि रामनरेश त्रिपाठी ने देश का मुकुट कहा है-

(क) कश्मीर को, (ख) कन्याकुमारी को, (ग) हिमालय को, (घ) नेपाल को।

(iii) 'अशोक का हृदय परिवर्तन' किस प्रकार का उपन्यास है ?

(क) सामाजिक, (ख) राजनैतिक, (ग) ऐतिहासिक, (घ) इनमें से कोई नहीं।

(iv) सूखी डाली है एक(क) नाटक, (ख) कहानी, (ग) आत्मकथा, (घ) एकांकी।

(v) रात्रि शब्द का पर्यायवाची है-

(क) अंधकार, (ख) घर, (ग) दामिनी, (घ) यामिनी।

उत्तर-(i) (ख), (ii) (ग), (ii) (ग), (iv) (घ), (v)(घ)।

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- 1x5=5

(i) किसका चरण निरन्तर .............. धो रहा है। (रत्नेश/गिर्जेश)

(ii) संत का नाव खेवटिया ............ (संसार/सद्गुरु)

(iii) संस्कृति की प्रवृत्ति ............... देने वाली होती है। (श्रीफल/महाफल)

(iv) मेरी जीवन रेखा .............. निबन्ध है। (विचारात्मक/आत्मकथात्मक)

(v) राजपुत्र में .............. समास है। (तत्पुरुष/द्वन्द्व)

उत्तर-(i) रत्नेश, (ii) सद्गुरु, (iii) महाफल, (iv) आत्मकथात्मक, (v) तत्पुरुष ।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य चुनकर लिखिए- 1x5=5

(i) 'ईश्वर आपका कल्याण करे।' इच्छावाचक वाक्य है।

(ii) लोकोक्ति पूर्ण वाक्य होती है।

(ii) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'हंस' पत्रिका का सम्पादन किया।

(iv) हमारे जीवन का ढंग हमारी संस्कृति है।

(v) कजली गीत शीत ऋतु में गाया जाता है।

उत्तर--(i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य!

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए- 1x5-5

| | |
|---|---|
| (i) बरखा गीत | (क) तुलसीदास |
| (i) विनय के पद | (ख) कविता |
| (ii) कन्याकुमारी और हिमालय | (ग) कृतज्ञ |
| (iv) उत्थान | (घ) भारत के दो छोर |
| (v) उपकार मानने वाला | (ङ) पतन |

उत्तर-(i)→ (ख), (ii)→ (क), (iii)→ (घ), (iv)-→ (ङ), (v)-→ (ग)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए- 1x5-5

(i) रिक्शा किस भाषा का आगत शब्द है ?

(ii) "उपकार' का विलोम शब्द लिखिए।

(iii) धर्म, दर्शन, साहित्य, कला किसके अंग हैं ?

(iv) सच्चा आनन्द किसमें छिपा होता है ?

(v) एकांकी में कितने अंक होते हैं ? ।

उत्तर-(i) जापानी का, (ii) अपकार, (ili) संस्कृति, (iv) काम में, (v) एक।

प्रश्न 6. धन और जीवन को क्षणभंगुर क्यों कहा गया है ? 2

अथवा

विद्या से हममें कौन-कौनसे गुण आते हैं ?

प्रश्न 7. कश्मीर प्रत्येक भारतीय के मन को क्यों लुभाता है ? 2

अथवा

समय न मिलने का बहाना कैसे लोग करते हैं ?

प्रश्न 8. कहानी के तत्वों के नाम लिखिए। 2

अथवा

जीवनी और आत्मकथा में कोई दो अन्तर लिखिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 9. उपन्यास विधा का संक्षिप्त परिचय दीजिए। प्रेमचन्द के दो उपन्यासों के नाम लिखिए। 2

अथवा

रेखाचित्र किसे कहते हैं ?

प्रश्न 10. सन्धि और समास में प्रमुख अन्तर बताइए। 2

अथवा

समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए- 2

अंगूठा, आम, गरज, करोड़।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

अश्व, पक्षी, स्वर्ग, माता।

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- 2

अतिवृष्टि, कृतज्ञ, कीर्ति, उन्नति।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक वाक्य लिखिए-

(i) जिसे जीता न जा सके, (ii) जिसकी तुलना न की जा सके।

प्रश्न 13. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए- 2

(i) वह अपने घर गया। (प्रश्नवाचक)

(ii) प्रखर कल इन्दौर जायेगा। (निषेधवाचक)

अथवा

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए-

(i) बादल काले-काले आए हैं। (ii) राम, लक्ष्मण और सीता जंगल को गई।

प्रश्न 14. पूर्ण विराम चिह्न का प्रयोग कहाँ होता है ? कोई एक उदाहरण भी लिखिए। 2

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(i) अन्धे की लाठी, (ii) एक अनार सौ बीमार।

प्रश्न 15. निम्नलिखित समान रूप से उच्चरित किन्तु अर्थ भिन्न शब्दों के अर्थ बताते हुए वाक्य बनाइए (कोई दो)- http://www.mpboardonline.com 2

(i) साकार-सत्कार, (ii) आदि-आदी (iii) अपेक्षा-उपेक्षा।

अथवा

रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं ? उनके नाम लिखिए।

प्रश्न 16. 'कर्मवीर' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? 3

अथवा

कवि रामनरेश त्रिपाठी ने भारत देश की कौन-कौन सी विशेषताएँ बताई हैं ?

प्रश्न 17. पीड़ा दुलारने वाला किसे कहा गया है ? 3

अथवा

कवि दुष्यन्त कुमार को दुःख में भी आशा की किरण कहाँ-कहाँ दिखाई दे रही है ?

प्रश्न 18. 'शबरी' कविता के माध्यम से सामाजिक समरसता का सन्देश किस प्रकार प्राप्त होता है? 3

अथवा

'सन्नाटा' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 19. महावीर प्रसाद द्विवेदी को विद्यार्थी जीवन में किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? 3

अथवा

अमिता के किस उत्तर ने अशोक का हृदय परिवर्तित कर दिया ?

प्रश्न 20. हँसी का स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 3

अथवा

श्रीमन्नारायण अग्रवाल ने समय के महत्व को किस प्रकार दर्शाया है ?

प्रश्न 21. कवि माघ को वृद्धा के सामने लज्जित क्यों होना पड़ा ? 3

अथवा

कैसे लोग नई संस्कृति को जन्म नहीं दे पाते ?

प्रश्न 22. सरस्वती पत्रिका का सम्पादन महावीर प्रसाद द्विवेदी को किस प्रकार प्राप्त हुआ ? 4

अथवा

श्रीनगर के सबसे ऊँचे स्थान का नाम बताइए एवं परिचय दीजिए।

प्रश्न 23. 'तुम वही दीपक बनोगे' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

'तुम्हारी विरासत' कविता हमें क्या सन्देश देती है ?

उत्तर-पृष्ठ 52 पर, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 4 देखिए।

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

बढ़ रही हैं दूरियाँ
और वर्ग नित नव बन रहे हैं,
क्षीर में ही अमल ज्यों
सम्बन्ध ही बस फट रहे हैं,
अजन को रूपांतरित कर दे
स्वजन में जो तुम्ही हो
विजन बस्ती बनाने हेतु,
आगे पग धरोगे।

अथवा

किन्तु आज जो तृप्ति यहाँ पर,
मुझे मिली है, हे! माता।
नयन मौन हैं, कण्ठ अलेखा,
कुछ भी कहा नहीं जाता।

प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2+2+1= 5

"कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। वह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। यदि किसी युवा पुरुष की संगति बुरी होगी तो वह उसके पैर में बँधी चक्की के समान होगी जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में उतारती जाएगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बहू के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जाएगी।"

प्रश्न-(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) उपर्यक्त गद्यांश का सारांश लगभग 25 शब्दों में लिखिए।

(ग) कुसंग से क्या नुकसान हो सकता है ?

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2+2+1= 5

"चलना मुझे है, बस अन्त तक चलना,

गिरना ही नहीं, मुख्य है संभलना।

गिरना क्या उसका उठा ही नहीं जो कभी?

मैं ही तो उठा था आप, गिरता हूँ जो कभी?

फिर भी उठूंगा और बढ़के रहूँगा मैं,

नर हूँ पुरुष हूँ मैं, चढ़के रहूँगा, मैं।"

प्रश्न-(क) इस पद्यांश का मुख्य भाव क्या है ?

(ख) अन्तिम पंक्ति पुरुष के किस गुण को बताती है ?

(ग) पद्यांश में ऐसे दो शब्द छाँटिए जो एक-दूसरे के विलोम हैं।

प्रश्न 27. अपने विद्यालय के प्राचार्य को अपनी पारिवारिक परिस्थिति बताते हुए शुल्क मुक्ति हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपनी छोटी बहन को पत्र लिखकर परीक्षा समय में स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण तरीके बताइए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200-250 शब्दों में निबन्ध लिखिए- 7

(i) कम्प्यूटर : आज के जीवन की आवश्यकता,

(ii) जल है तो कल है,

(iii) वृक्षारोपण,

(iv) जनसंख्या वृद्धि,

(v) स्वच्छता अभियान।

(ब) उपर्यक्त विषयों में से जिस विषय पर निबन्ध लिखा गया हो, उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।